**भारत सरकार**

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय**

**उच्चतर शिक्षा विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्याः 2480**

**उत्तर देने की तारीखः 08.07.2019**

**आईआईटी/एनआईटी में शिक्षण/गैर-शिक्षण स्टाफ**

**2480. श्री ए॰ राजाः**

**श्री बालक नाथः**

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में आज की स्थिति के अनुसार कुल कितने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हैं;

(ख) आईआईटी/एनआईटी में शिक्षण तथा गैर-शिक्षण पदों की कुल संख्या में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अजा/अजजा) श्रेणी के लिए कितने पद निर्धारित किए गए हैं;

(ग) क्या अजा/अजजा श्रेणी के सभी पदों को विधिवत् भरा गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी आईआईटी/एनआईटी-वार ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इन पदों के नहीं भरने के क्या कारण हैं;

(ङ) क्या सरकार का आईआईटी/एनआईटी और आईआईआईटी जैसे श्रेष्ठ संस्थानों से अपनी पीएच॰डी॰ या एम॰टेक पूरा करने वाले विद्यार्थियों को इन पदों पर नियुक्त करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सभी आईआईटी/एनआईटी में पद आधारित रोस्टर कार्यान्वित किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**मानव संसाधन विकास मंत्री**

**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

(क) से (च): देश में 23 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और 31 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) कार्यरत हैं। आईआईटी संकाय नियुक्ति के लिए लचीली संवर्ग प्रणाली का पालन करती है। इसलिए**,** विभिन्न वर्गो में स्वीकृत संकाय अर्थात प्रोफेसर**,** एसोसिएट प्रोफेसर

और सहायक प्रोफेसर की संख्या नियत नहीं है और वे किसी भी वर्ग में संकाय भर्ती करने के लिए स्वतंत्र है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अतिरिक्त अन्य विषयों के संकाय पदों जैसे मानवीकी, सामाजिक विज्ञान और प्रबंध के साथ-साथ गैर-संकाय पदों पर अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) व अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए क्रमश: 15%, 7.5% और 27% के मानक दर से आरक्षण है। वर्तमान में आईआईटी में 8856 संकाय पदों की स्वीकृत संख्या में से 6043 पद भरे हैं जबकि 2813 पद खाली हैं। इन 6043 संकाय पदों में से 149 अनुसूचित जाति (एससी) से और 21 अनुसूचित जनजाति (एसटी)से हैं। आईआईटी में गैर-संकाय पदों की कुल स्वीकृत संख्या 9465 है जिसमें से 1125 पद एससी के लिए तथा 520 पद एसटी के लिए आरक्षित हैं। इसमें से 888 पद एससी द्वारा और 275 पद एसटी द्वारा भरे गए हैं। सभी आईआईटी आरक्षण रोस्टर का अनुपालन करते हैं।

संकाय (प्रवेश स्तर के पदों पर) और गैर-संकाय पदों की भर्ती के लिए एनआईटी भारत सरकार की आरक्षण नीति का पालन कर रहे हैं जिसके तहत एससी के लिए 15%, एसटी के लिए 7.5% ओबीसी के लिए 27% और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10% सीटें निर्धारित हैं। संकाय भर्ती के लिए एनआईटी भी लचीली संवर्ग प्रणाली का अनुपालन करते हैं। वर्तमान में एनआईटी में 7413 संकाय पदों की संख्या स्वीकृत है, जिसमें से 721 पद एएसी के लिए और 380 पद एसटी के लिए आरक्षित हैं। इसमें से 4202 संकाय पद भरे है जिसमें से 404 एससी और 139 एसटी हैं। एनआईटी में गैर-संकाय पदों की कुल संख्या 8163 हैं जिसमें से 1017 पद एससी और 496 पद एसटी के लिए आरक्षित हैं। इसमें से 3817 पद भरे जा चुके हैं जिसमें से 692 पद एससी और 317 पद एसटी द्वारा भरे गए हैं। सभी एनआईटी में पद आधारित रोस्टर का अनुपालन किया जाता है।

रिक्त पदों का होना एवं उसे भरा जाना एक सतत प्रक्रिया है। पदों के भरे जाने का दायित्व आईआईटी / एनआईटी पर है जो संविधान के अधिनियम के अंतर्गत स्वायत्त संस्थाएं हैं। रिक्तियों को यथाशीघ्र भरा जाना सुनिश्चित करने के लिए उनसे आग्रह किया गया है। संकाय और गैर-संकाय के रिक्त पदों को भरने के लिए आईआईटी और एनआईटी नियमित आधार पर भर्ती अभियान (रिक्रयूटमेंट ड्राइव) आयोजित करते हैं और विज्ञापन निकालते हैं।

आईआईटी/ एनआईटी/ आईआईआईटी में इन पदों पर छात्र, जिन्होंने पीएचडी अथवा एम.टेक पूरा कर लिया है, को नियुक्त किए जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****